जमीन पर कब्जे के विवाद में युवक की गोली मारकर हत्या

सबलगढ़ क्षेत्र के रतियापुरा गांव में हुई घटना, 6 नामजद लोगों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

मुरैना/सबलगढ़, 22 मई। सबलगढ़ क्षेत्र के रतियापुरा गांव में बीहड़ की सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर हुए विवाद में शुक्रवार को एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने 6 नामजद लोगों के विरुद्ध हत्या सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है।

जानकारी के अनुसार रामनिवास केवट पुत्र देवीसिंह केवट 22 मई को सुबह 8 बजे चचेरे भाई जगदीश केवट, निरोई केवट, वीरेन्द्र केवट, दाताराम, होतम के साथ बीहड़ में स्थित खेत पर झाड़ियों को हटाने पहुंचा था। तभी शिवम जादौन पुत्र ओमप्रकाश जादौन, काजू जादौन पुत्र अमर सिंह जादौन, अमर सिंह जादौन निवासीगण भटपुरा, भवानी केवट पुत्र सीताराम,

घमंडी पुत्र सीताराम केवट और भल्ला उर्फ सीताराम केवट पुत्र नंदू केवट निवासीगण रतियापुरा लाठी, डंडा एवं बंदूकों से लैस होकर वहां पहुंच गए। उन्होंने खेत में जेसीबी चलवाना शुरू कर दिया। जब रामनिवास वगैरह ने उनका विरोध किया अपना जमीन पर बीते 50 साल से कब्जा होने की बात कही तो सीताराम केवट और उसके साथियों ने गालियां देते हुए फायरिंग करना शुरू कर दी। फायरिंग के दौरान एक गोली जगदीश केवट के चेहरे पर लगी, जिससे वो मौके पर ही ढेर हो गया। जिसके बाद आरोपी फायरिंग करते हुए वहां से भाग निकले। लहूलुहान जगदीश को साथ लेकर उसके चचेरे भाई सबलगढ़ अस्पताल पहुंचें, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना में शामिल रहे सभी 6 आरोपियों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

महापौर बोलीं सड़क पर कचरा दिखा तो होगी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

मुरैना, 22 मई। नगर निगम महापौर शारदा राजेंद्र प्रसाद सोलंकी की अध्यक्षता में शुक्रवार को मेला ग्राउंड स्थित महापौर कार्यालय में मेयर इन काउंसिल एमआईसी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में स्वच्छता सर्वेक्षण-2026 को लेकर शहर की सफाई व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि शहर में विभिन्न स्थानों पर लग रहे

एमआईसी बैठक में कहा प्रतिदिन भ्रमण कर की जाएगी निगरानी

कचरे के ढेर तत्काल हटाए जाएं और दोबारा ऐसी स्थिति न बने। डोर-टू-डोर कचरा वाहनों की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने तथा वार्ड दरोगाओं को प्रत्येक घर से वाहन में ही कचरा डलवाने के निर्देश दिए गए। महापौर ने कहा कि शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए वे स्वयं प्रतिदिन शहर का भ्रमण करेंगी। नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र धाकरे ने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि सड़क पर कचरा मिला तो संबंधित नोडल अधिकारी और स्वच्छता प्रभारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इन बिंदुओं पर बैठक में लिए गए निर्णय

एमआईसी बैठक में सीधी भर्ती के रिक्त पदों का प्रस्ताव शासन को भेजने, रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन, संविदा भर्ती, प्राइवेट बस स्टैंड अनुरक्षण शुल्क तथा साप्ताहिक पशु हाट शुल्क निर्धारण जैसे प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई।

बैठक में इनकी रही मौजूदगी

एमआईसी बैठक में सदस्य डॉ. योगेंद्र मावई, रमेश उपाध्याय, बदन सिंह यादव, राकेश यादव, खुशबू लोकेंद्र डण्डौतिया, भावना मंडलेश्वर हर्षाना, प्रदीप जगनेरिया सहित निगम अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

बस में चढ़ते समय महिला का बैग चोरी, 10 हजार नकदी हुए पार

नवभारत न्यूज

मुरैना, 22 मई। बैरियर क्षेत्र बस स्टैंड पर सफर के दौरान चोरी की घटना सामने आई है। राजस्थान के धौलपुर जिले की बसेड़ी निवासी जरीना बानो का बैग सबलगढ़ जाने वाली बस से चोरी हो गया। बैग में करीब 10 हजार रुपए नकद, कपड़े और अन्य जरूरी सामान रखा था।

जानकारी के अनुसार जरीना बानो ट्रेन से मुरैना रेलवे स्टेशन पहुंचीं और वहां से बैरियर चौराहा स्थित बस स्टैंड आकर सबलगढ़ जाने वाली बस में बैठीं। उन्होंने अपना बैग सीट के ऊपर बनी डिग्गी में रख दिया। करीब पांच मिनट बाद नजर पड़ने पर बैग गायब मिला। महिला ने तत्काल बस चालक और कंडक्टर से पूछताछ की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद महिला ने परिजनों को सूचना दी और शुक्रवार दोपहर सिटी कोतवाली थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बस स्टैंड और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि बैग चोरी करने वाले आरोपी का पता लगाया जा सके।

कैलारस में युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

मुरैना, 22 मई। कैलारस थाना क्षेत्र के ग्राम माधौगढ़ में 21 मई को संतराम शाक्य 30 पुत्र सोबरन शाक्य ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद मर्ग कायम कर लिया है।

भाजपा नेता के भाई के घर से 80 लाख के जेवरात व बंदूक चोरी

देवगढ़ क्षेत्र के नंदपुरा गांव में 21 मई को हुई घटना, भाजपा नेता के फौजी भतीजे की सगाई करने आईं थी 2 पार्टियां

नवभारत न्यूज

मुरैना, 22 मई। भाजपा के बागचीनी मंडल के उपाध्यक्ष उमेश सिकरवार के भाई विष्णु सिंह सिकरवार के फौजी पुत्र राघवेन्द्र सिंह की सगाई करने दो अलग-अलग जगह से आए लोग घर में रखे 50 तोला सोना, 500 ग्राम चांदी के जेवरातों समेत 2 लाख 15 हजार रूपये नकदी पार कर ले गए। पीड़ित परिवार के अनुसार वारदात को अंजाम देने के लिए सगाई करने आए लोगों के साथ आए एक साधु ने तंत्र क्रिया का सहारा लिया। घटना 21 मई को देवगढ़ थाना क्षेत्र के नंदपुरा गांव में हुई।

जानकारी के अनुसार भाजपा नेता उमेश सिकरवार के भाई विष्णु सिंह सिकरवार पेशे से किसान है। उनके दोनों पुत्र राघवेन्द्र एवं रामानुज सिकरवार आर्मी में जवान है। बड़े बेटे राघवेन्द्र की सगाई के लिए 21 मई को भिंड जिले के बारांकलां और अंबाह के ग्राम गोले की गढ़ी से दो अलग-अलग पार्टियां उनके घर दोपहर करीब साढ़े बारह बजे पहुंचीं थी। बारांकलां की पार्टी को कोल्हूडांढ़ा गांव निवासी राजेन्द्र सिंह साथ लेकर आए थे। जबकि गोले की गढ़ी के लोगों को विष्णु सिंह के परिवार का ही रिश्ते का भाई नारायण सिंह लेकर आया था। बताया जा रहा है कि सगाई करने पहुंचें लोगों को नारायण सिंह ने कोल्ड ड्रिंक सर्व की थी, लेकिन राजेन्द्र सिंह और बाराकलां के लोगों के साथ आए एक साधु ने कोल्ड ड्रिंक नहीं पी। कोल्ड ड्रिंक पीने के बाद वहां मौजूद सभी लोग अचेत हो गए। अपरान्ह करीब साढ़े तीन बजे जब दोनों पार्टियां जा चुकीं थीं। तब घर में पड़ताल करने पर विष्णु सिंह सिकरवार को पता चला कि घर में रखे 50 तोला वजनी सोने के जेवरात, 500 ग्राम चांदी और 2 लाख 15 हजार रूपये समेत 315 बोर की लाईसेंसी बंदूक और 50 जिंदा राउण्ड गायब है। तब उन्हें घर में चोरी होने का पता चला। जिसके बाद उन्होंने देवगढ़ थाने पहुंचकर घटना की जानकारी दी। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया था। पुलिस घटनाक्रम की जांच में जुट गई है।

पीड़ित बोले राजेन्द्र के साथ आए साधु ने की तंत्र क्रिया : पीड़ित परिवार के सदस्यों के अनुसार रिश्ता लेकर आए लोग कमरे में बैठे हुए थे, विष्णु सिंह और उनका पुत्र राघवेन्द्र भी वहीं मौजूद थे।

उनकी दोनों बेटियां घर के अंदर काम कर रहीं थीं। बेटियां प्रिंसी और शांता के अनुसार राजेन्द्र सिंह के साथ आए साधु ने घर की दहलीज पर बैठकर कोई तंत्र क्रिया की थी। सभी लोगों के जाने के बाद जब उन्होंने जेवरात, नकदी खंगाले तो वह गायब मिले।

विष्णु सिंह की विवाहित बेटियों के हैं जेवरात, बंदूक छोटे पुत्र की

विष्णु सिंह सिकरवार के परिवार में दो पुत्र राघवेन्द्र और रामानुज के अलावा पुत्रियां प्रिंसी और शांता है। उनकी पत्नी का निधन हो चुका है। आर्मी में सेवारत उनके पुत्रों की अभी शादी नहीं हुई है। जबकि दोनों पुत्रियां विवाहित है। बड़ी बेटी प्रिंसी विगत करीब 4 साल से मायके में ही रह रही है। तो वहीं छोटी बेटी शांता करीब एक माह पूर्व ससुराल से अपने मायके आई थी। दोनों पुत्रियों के जेवरात घर में रखे हुए थे।

चंबल की रेत से भरे 3 ट्रेक्टर-ट्रॉली पकड़े, ड्राईवर गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

मुरैना, 22 मई। चंबल नदी से रेत के अवैध रूप से उत्खनन एवं परिवहन को रोकने विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 21-22 मई को बानमोर एवं नगरा थाना पुलिस ने रेत का परिवहन करते हुए

बानमौर एवं नगरा थाना पुलिस की कार्रवाई

तीन ट्रेक्टर-ट्रॉलियों को पकड़ा। दो ड्राईवरों को गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के अनुसार बानमौर पुलिस ने 21 मई को एनएच-44 पर चैक पॉइंट लगाकर वाहनों की चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान

पुलिस टीम को देखकर एक ड्राईवर, ट्रेक्टर-ट्रॉली को छोड़कर भाग निकला। जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। कार्रवाई में निरीक्षक दीपेन्द्र यादव, एसआई यशपाल, प्र.आर. राजकुमार, गोधन शर्मा, प्र.आर. चालक शिवशंकर भदौरिया, आरक्षक आकाश बाथम, विपिन, अवकाश जाट, जितेन्द्र, विपिन यादव शामिल थे।

नगरा पुलिस ने दो ट्रेक्टर-ट्रॉली पकड़े, ड्राईवर गिरफ्तार

नगरा पुलिस ने 22 मई को अटेर-पोरसा रोड पर वाहन चैकिंग के दौरान चंबल नदी की रेत का परिवहन करते हुए दो ट्रेक्टर-ट्रॉली जब्त किए। पुलिस ने दोनों ट्रेक्टरों के ड्राईवरों को गिरफ्तार किया है। उनके विरुद्ध मप्र खनिज अवैध परिवहन एवं खान अधिनियम की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किए गए है। कार्रवाई में एसआई सुखदेव चौहान, प्र.आर. प्रीतम मावई, आरक्षक राजकुमार, सुनील सिंह, कलियान प्रसाद, वीर सिंह शामिल थे।

स्काउट-गाइड से सीखा जनसेवा का संस्कार : रामू भैय्या

नवभारत न्यूज

मुरैना, 22 मई। भीषण गर्मी में रेल यात्रियों को राहत देने के लिए मुरैना रेलवे स्टेशन पर स्काउट-गाइड द्वारा संचालित नि:शुल्क शीतल जल सेवा शिविर सेवा और समर्पण की मिसाल बना हुआ है। वर्ष 1976 में स्व. डॉ. केएल राठी

रेल मुसाफिरों को पिलाया शीतल जल, सेवार्थियों का

द्वारा शुरू की गई सेवा करीब 50 वर्षों से लगातार जारी है।

22 मई को हॉकी इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं युवा भाजपा नेता देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर रामू भैया स्टेशन पहुंचे और स्काउट-गाइड सेवार्थियों के साथ यात्रियों को शीतल जल पिलाकर सेवा कार्य में सहभागिता की। इस मौके

पर आयोजित सम्मान समारोह में उन्होंने कहा कि छात्र जीवन में स्काउट-गाइड से जुड़े रहने के कारण ही उनमें सेवा भावना विकसित हुई। उन्होंने कहा कि आज सामाजिक जीवन में जो भी कार्य कर पा रहे हैं, उसमें स्काउट-गाइड के संस्कारों की अहम भूमिका है। कार्यक्रम में जल सेवकों का माल्यापर्ण के बाद साफा पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर डॉ. रवि शर्मा, आसिफ खान सहित कई समाजसेवियों ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में स्टेशन मास्टर रामचरण मीणा, मधुसूदन शर्मा, नवनीत डण्डौतिया सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

बस्ती के बीच शराब ठेका खोलने पर आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

मुरैना, 22 मई। राठौर कॉलोनी और आजाद नगर नाला नंबर-1 स्थित स्वीमिंग पुल व सब्जी मंडी गेट के पास प्रस्तावित शराब ठेके के विरोध में क्षेत्रवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में लोगों ने सिटी कोतवाली और एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा तथा ठेका आबादी क्षेत्र से हटाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रस्तावित स्थान के आसपास मंदिर, सब्जी मंडी और घनी आबादी है, जहां दिनभर महिलाओं और बच्चों का आवागमन रहता है। ऐसे में शराब दुकान खुलने से असामाजिक गतिविधियां बढ़ने की आशंका है। पिछड़ा वर्ग कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश राठौर ने कहा कि बच्चों के भविष्य और क्षेत्र के माहौल से समझौता नहीं किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो क्षेत्रवासी बड़ा आंदोलन करेंगे। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम बीएस कुशवाह ने आबकारी विभाग से चर्चा कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

पशुपालक ही 17 गायों की मौत का जिम्मेदार, किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

मुरैना, 22 मई। देवगढ़ क्षेत्र के शाला गांव में गौशाला में 17 गांवों में हुई मौत के लिए पुलिस ने पशुपालक को ही जिम्मेदार मानते हुए गिरफ्तार कर लिया है। उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है।

देवगढ़ क्षेत्र के शाला गांव में हुई थी घटना, बंद कमरे में दम घुटने से हुई मौत

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 21 मई को पुलिस ने गायों की मौत के मामले में पशुपालक राहुल गुर्जर पुत्र टीकाराम गुर्जर निवासी ऊपरी बहराई थाना निरारा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में

राहुल ने बताया कि वो हर साल गर्मी के मौसम में अपनी गायों को चराने कों लिए चंबल किनारे के क्षेत्र में लेकर आता है। 18 मई को उसने अपनी गायों को दोपहर करीब 2 बजे शाला चौकी के पीछे बनी गौशाला के कमरे में बंद कर दिया था। जिसके बाद राहुल खाना खाने चला गया था। शाम करीब 4 बजे राहुल लौटकर आया और कमरे का दरवाजा खोला तो वहां गायें बेहोशी की हालत में पड़ी मिलीं, जिसे देखकर वो घबरा गया और वहां से भाग निकला। पुलिस ने बताया कि गौशाला की देखरेख किसके द्वारा की जा रही थी, इसके बारे में अभी पड़ताल की जा रही है। आरोपी की गिरफ्तारी कर घटनाक्रम के खुलासे में थाना प्रभारी एसआई जयपाल सिंह गुर्जर, एएसआई कन्हैयासिंह सिकरवार, प्र.आर. चंद्रशेखर, विपिन, आरक्षक दिलशाद, शैलेन्द्र, रामेन्द्र, धीरेन्द्र, नरेन्द्र, आर. चालक बांकेलाल शामिल रहे है।

एक नजर में

315 बोर के तमंचा-राउण्ड के साथ बदमाश गिरफ्तार

मुरैना, 22 मई। पहाड़गढ़ पुलिस ने 22 मई को मुखबिर से मिली सूचना पर पंचमपुरा हनुमान मंदिर के पास वारदात के इरादे से घूम रहे एक बदमाश को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से 315 बोर का तमंचा और दो जिंदा राउण्ड जब्त किए है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट की धाराओं में अपराध दर्ज किया है। कार्रवाई में निरीक्षक राजेन्द्र परिहार, एएसआई योगेन्द्र सिंह, प्र.आर. शिवसिंह, आरक्षक दीपेन्द्र, सुमित, राजेश, अर्जुन, विजय शामिल थे।

कार चालक के विरुद्ध धारा-106 का केस दर्ज

मुरैना, 22 मई। जौरा थाना क्षेत्र में एनएच-552 पर विगत 19 अप्रैल को उरहेरा गांव के पास कार क्रं. एमपी07-सीई-0307 के चालक ने महिला लक्ष्मी पत्नी बंटी कुशवाह नि. बिस्मिल नगर मुरैना को टक्कर मारकर जख्मी कर दिया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद कार चालक के विरुद्ध धारा 106 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

विद्युत उपभोक्ता समस्या समाधान शिविर आज लगेंगे

मुरैना, 22 मई। मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा संचालित सम्पर्क अभियान के तहत 23 मई को जिले के विभिन्न वितरण केंद्रों में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा।

महाप्रबंधक सुरेश कुमार के निर्देशन में आयोजित ये शिविर सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होंगे। कंपनी का उद्देश्य उपभोक्ताओं को स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान उपलब्ध कराना है। जिन स्थानों पर शिविर लगाए जाएंगे उनमें जींगनी पंचायत भवन, बानमौर वितरण केंद्र अंतर्गत पारोली पंचायत भवन, सुमावली क्षेत्र के सुसानी प्राथमिक विद्यालय, हेतमपुर वितरण केंद्र अंतर्गत पिपरई पंचायत भवन तथा नूराबाद क्षेत्र में धनेला पंचायत कार्यालय परिसर शामिल हैं।

सच्ची श्रद्धांजलि वही सेवाकार्य जो जरूरतमंदों के काम आए : राजू भाई

नवभारत न्यूज

मुरैना, 22 मई। स्व. श्रीमती रामबेटी गोले की स्मृति में उनके पुत्र समाजसेवी मनोज गोले ने मुरैना रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-4 पर यात्रियों की सुविधा के

मां की स्मृति में रेलवे स्टेशन पर समाजसेवी ने लगाया वाटरकूलर

लिए अत्याधुनिक वाटर कूलर भेंट किया है। भीषण गर्मी में यात्रियों को शीतल जल उपलब्ध कराने की इस पहल को लोगों ने सेवा और संवेदना का प्रेरक उदाहरण बताया है।

शुक्रवार को मुख्य अतिथि गांधीवादी चिंतक एवं महात्मा

गांधी सेवा आश्रम जौरा के अध्यक्ष पी.व्ही. राजगोपाल राजू भाई ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वाटर कूलर का शुभारंभ किया। इस मौके पर राजू भाई ने कहा कि माता-पिता की स्मृति में किया गया जनकल्याणकारी कार्य ही सच्ची श्रद्धांजलि है। प्यासे यात्रियों को शीतल जल उपलब्ध कराना अत्यंत पुण्य का कार्य है। राजू भाई ने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को भी ऐसे लोकहितकारी कार्यों के लिए आगे आना चाहिए, जिससे जरूरतमंदों को राहत मिले और समाज में मानवीय संवेदनाएं मजबूत हों। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार डॉ. सुरेश सम्राट, अशोक सिंह भदौरिया, रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य आनंद त्रिवेदी, एडवोकेट दिनेश सिकरवार, एडवोकेट नीरज शर्मा सहित कई समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। समारोह में अतिथियों का शॉल, श्रीफल एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र भेंट कर सम्मान किया गया।

मुरैना में रोजगार मेले का आयोजन 25 मई को होगा

नवभारत न्यूज

मुरैना, 22 मई। बेरोजगार युवाओं के लिए 25 मई को एक दिवसीय रोजगारए स्व-रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा। मेला जिला रोजगार कार्यालय चंबल कॉलोनी के पीछे मुरैना में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा।

कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देशन में आयोजित इस मेले में 5 प्रतिष्ठित कंपनियां विभिन्न पदों के लिए युवाओं का चयन करेंगी। चयनित अभ्यर्थियों को योग्यता और पद के अनुसार 12 हजार से 40 हजार रुपए तक वेतन मिलेगा। मेले में चैकमेट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड गुजरात द्वारा सुरक्षा गार्ड, टीएम सिटिंग प्राइवेट लिमिटेड अहमदाबाद द्वारा

5 बड़ी कंपनियों द्वारा की जाएगी युवाओं की भर्ती

हेल्पर ऑपरेटर, एलआईसी मुरैना द्वारा बीमा अभिकर्ता, नौकरी फाई डॉट कॉम भोपाल द्वारा ब्रांच मैनेजर तथा प्रकाश पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड बानमौर द्वारा तकनीकी पदों पर भर्ती की जाएगी।